सवाल — आधी रात के रेफरल पर उठे सवाल, जच्चा-बच्चा को सुरक्षित करकेली अस्पताल पहुंचाया

# रेफर के कुछ देर बाद एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी

**उमरिया नवभारत 16 सितंबर।** जिला अस्पताल से देर रात शहडोल रेफर की गई प्रसूता ने रास्ते में एम्बुलेंस के भीतर ही बेटे को जन्म दे दिया। अमहा के करीब हाईवे पर अचानक प्रसव पीड़ा बढ़ने के बाद एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया।

इस दौरान इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन पुष्पराज यादव और पायलट शिवम यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए जच्चा-बच्चा को सुरक्षित तरीके से करकेली अस्पताल पहुंचाया, जहां देर रात दोनों को भर्ती कराया गया।



### नसबंदी ऑपरेशन के बाद पांचवीं डिलीवरी

मुख्यालय से सटे ग्राम महिमार निवासी 31 वर्षीय प्रेम बाई को एक दिन पहले असहनीय प्रसव पीड़ा के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बताया जा रहा है कि प्रसूता का पूर्व में नसबंदी का ऑपरेशन भी हो चुका था, बावजूद इसके यह उसकी पांचवीं डिलीवरी थी।

### स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कई सवाल

अस्पताल में प्रसूता की स्थिति एब्नॉर्मल प्रेजेंटेशन बताई गई,जिसके बाद देर रात करीब 1 बजे उसे शहडोल रेफर कर दिया गया। हालांकि,रेफरल के कुछ ही देर बाद रास्ते में एम्बुलेंस के भीतर प्रसव हो जाना अब स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े कर रहा है। रेफर करने से पहले उसकी स्थिति का आकलन किस स्तर पर किया गया? क्या उसे रात करीब 1 बजे रेफर करना ही एकमात्र विकल्प था? यह सवाल अब स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी उठ रहा है। एक दिन पहले ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया था मामला इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि प्रसूता को एक दिन पहले ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उसे असहनीय प्रसव पीड़ा की शिकायत थी। ऐसे में देर रात रेफरल का निर्णय मानवीय और चिकित्सकीय दोनों दृष्टि से जांच का विषय बनता है। खासकर तब, जब यह उसकी पांचवीं डिलीवरी बताई जा रही है और पूर्व में नसबंदी का ऑपरेशन भी हो चुका है।

### एम्बुलेंस कर्मियों की भूमिका रही सराहनीय

इस पूरे घटनाक्रम में एम्बुलेंस कर्मियों की भूमिका जरूर राहत देने वाली रही। हाईवे पर चलते वाहन में प्रसव की स्थिति बनने के बावजूद ईएमटी पुष्पराज यादव और पायलट शिवम यादव ने तत्परता दिखाई और प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा को देर रात करकेली अस्पताल पहुंचाया। लेकिन एम्बुलेंस कर्मियों की तत्परता जिला अस्पताल की व्यवस्था पर उठ रहे सवालों को पूरी तरह खत्म नहीं करती।

# ट्रांसफार्मर खराब, कई दिनों से अंधेरे में ग्रामीण

## बड़ी सेवई गांव में बिजली व्यवस्था ठप, धान की फसल पर मंडरा रहा संकट



**उमरिया नवभारत 16 सितंबर।** जिला मुख्यालय से महज 5-6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत महिमार के ग्राम बड़ी सेवई में पिछले कई दिनों से बिजली व्यवस्था ठप है। गांव में लगा एकमात्र ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।

बताया जाता है कि गांव में अधिकांश आबादी कोल जनजाति के लोगों की है। ग्रामीणों के अनुसार, ट्रांसफार्मर खराब होने से पहले उसका एक जंफर उड़ गया था। इसकी सूचना विद्युत विभाग के लाइनमैन को दिए जाने के बावजूद समय पर सुधार कार्य नहीं किया गया।

### करीब एक पखवाड़े से है समस्या

ग्रामीणों का कहना है कि करीब एक पखवाड़े तक समस्या बनी रही। इस दौरान बिजली की तारों में केवल सिंगल फेस करंट ही दौड़ रहा था। अब स्थिति यह है कि ट्रांसफार्मर पूरी तरह खराब हो चुका है और गांव की बिजली आपूर्ति प्रभावित है।

### किसान भी बिजली के इंतजार में

बिजली बंद होने से गांव के किसान भी परेशान हैं। बारिश कम होने के कारण खेतों में जमा पानी लगभग सूख चुका है और धान की फसल को सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण टीसी कनेक्शन वाले किसान भी खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। यदि जल्द बिजली बहाल नहीं हुई तो धान की फसल पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

### बरसात में बढ़ा जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा

ग्रामीण क्षेत्र में बरसात के मौसम में जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना रहता है। ऐसे में गांव में रात के समय अंधेरा रहने से ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से खराब ट्रांसफार्मर को जल्द से जल्द बदलने अथवा दुरुस्त कर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

# हिनौता से निकलेगी आज सेवा संकल्प यात्रा

**डिंडौरी, नवभारत 16 सितंबर।** जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। आज यहां हिनौता से सेवा संकल्प यात्रा निकलेगी और शाम 7 बजे नर्मदा डैम घाट में आर्शीवाद का दिया जलेगा। अभियान के शुभारंभ अवसर पर 17 सितंबर को दोपहर 12 बजे हिनौता से सेवा संकल्प यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में एमपीआरडीसी के प्रमुख सचिव आईएएस भरत यादव शामिल होंगे। यात्रा के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में शासन की योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। वहीं शाम 7 बजे नर्मदा डैम घाट पर जिला स्तरीय 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित होगा।

# नर्मदांचल विद्यापीठ में विराजे गणेश



**शहपुरा नवभारत 16 सितंबर।** नर्मदांचल विद्यापीठ, बरगांव में दस दिवसीय गणेश उत्सव का विधि-विधान और श्रद्धा के साथ शुभारंभ हुआ। विद्यालय परिसर में भगवान श्री गणेश की स्थापना कर प्राचार्य द्वारा पूजन-अर्चन एवं आरती की गई। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकगण ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। गणेश उत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कार, श्रद्धा, एकता और सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।विद्यालय परिवार के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, संस्कार, संस्कृति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए गणेश उत्सव को विद्यार्थियों की सहभागिता और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा गया है।

# अवैध शराब जब्त, दो पर प्रकरण दर्ज

**चिल्हारी।** जिले के पुलिस थाना इंदवार अन्तर्गत ग्राम पड़खुरी के बस स्टैंड मे अवैध शराब परिवहन का करने के आरोप मे थाना इंदवार ने पुलिस दो आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर अवैध शराब सहित कुल करीब 54 हजार का मशरुका जब्त किया है। थाना प्रभारी इंदवार ने बताया कि ग्राम पड़खुरी के बस स्टैंड मे अवैध शराब परिवहन करने के आरोप में कार्रवाई की गई है और दो आरोपियो के विरुद्ध पिता संतोष शिवहरे रैगवां थाना अमदरा जिला मैहर शामिल हैं। वहीं आरोपियों के कब्जे से अंग्रेजी शराब,बियर और अवैध शराब परिवहन मे शामिल मोटरसाईकिल को जब्त किया है।

# पड़वार में घटिया केबल लगाने का आरोप

▶ तार जलने से बिजली आपूर्ति हो रही बाधित

**नवभारत चिल्हारी 16 सितंबर।** भरेवा विद्युत स्टेशन अंतर्गत सबस्टेशन चिल्हारी के ग्राम पड़वार में ठेकेदार द्वारा घटिया गुणवत्ता की केबल तार लगाए जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि लगाई गई केबल तार बार-बार फटकर जल रही है, जिसके कारण गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसका खामियाजा अब जनता को भुगतना पड़ रहा है। बार-बार केबल जलने से बिजली गुल हो जाती है, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ किसानों और छोटे व्यवसायियों को भी परेशानी हो रही है।

**बेहतर गुणवत्ता की केबल तार लगाने की मांग**-ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के ठेकेदार सेवरिष्ठ अधिकारियों द्वारा साठ-गांठ कर घटिया किस्म की केबल तार लगवाया गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जांच कराने तथा घटिया केबल को हटाकर बेहतर गुणवत्ता की केबल तार लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी राशि से किए जा रहे विद्युत कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।

# रूचि ने पास की सहायक कुलसचिव परीक्षा

▶ नौरोजाबाद की बेटी ने प्रथम प्रयास में ही हासिल की सफलता

**नौरोजाबाद नवभारत 16 सितंबर।** उमरिया जिले के नौरोजाबाद पाँच मे रहने वाले राजेंद्र तिवारी की होनहार बेटी रूचि तिवारी ने कड़ी मेहनत और लगन से मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक कुलसचिव की परीक्षा अपने प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण कर ली है। रूचि की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

रूचि, नौरोजाबाद निवासी राजेंद्र तिवारी एवं सुनीता तिवारी की पुत्री हैं। उन्होंने कक्षा 1 से 12 तक की शिक्षा नौरोजाबाद के स्व रतन मोहन मालवीय स्कूल से और स्नातक पंडित सब शंभूनाथ विश्वविद्यालय जबलपुर से किया।



**रोजाना 8-9 घंटे पढ़ाई करती थीं**-रूचि ने बताया की मैंने इंदौर में रहकर एमपीपीएससी की कोचिंग की थी। इसके अलावा रोजाना 8-9 घंटे पढ़ाई करती थी। माता-पिता और शिक्षकों का सहयोग हमेशा मिला। प्रथम प्रयास में सफलता मिलेगी ये उम्मीद नहीं थी, लेकिन मेहनत रंग लाई। परिणाम आते ही घर में बधाइयों का तांता लग गया। राजेंद्र तिवारी ने कहा बेटी ने हमारा नाम रोशन किया है।

# जनता के सुख-दुख की साथी हैं सांसद हिमाद्रि सिंह

▶ तूफानी दौरे में हर घर पहुंचकर बंधाया ढांढस

**नवभारत चिल्हारी 16 सितंबर।** राजनीति में अक्सर नेता सिर्फ मंचों पर दिखते हैं, लेकिन शहडोल सांसद ने साबित कर दिया कि वे सिर्फ एक सांसद नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता के परिवार की सदस्य हैं। उनका उमरिया दौरा इसका सबसे बड़ा प्रमाण रहा। जहां वह सुबह से शाम तक आम नागरिकों के बीच रहीं, उनके सुख में हंसीं और उनके दुख में रोईं। उनका यह दौरा सिर्फ एक राजनीतिक दौरा नहीं, बल्कि मानवीय रिश्तों का दौरा था।



**जब शोक में डूबे परिवार का सहारा बनीं सांसद**-बीते मंगलवार को जब बिजौरी के सुरेश सिंह और मानपुर के शिव कुमार गुप्ता के परिवार पर मां को खोने का दुख टूटा, तो सांसद किसी सूचना का इंतजार किए बिना उनके दरवाजे पर पहुंच गईं। उन्होंने परिवार के साथ जमीन पर बैठकर उनका दुख साझा किया।

**जब एक नन्हीं परी के जन्म पर घर में आई खुशियां बांटने**-मानपुर में वार्ड नंबर 9 में जब पार्षद खुशबू कुलदीप गुप्ता के घर में पुत्री रत्न के जन्म से खुशियां आईं, तो सांसद उस खुशी को दोगुना करने पहुंच गईं। उन्होंने नन्हीं बिटिया को अपने हाथों में लेकर दुलारा और आशीर्वाद दिया। उनके चेहरे पर सांसद के चेहरे पर एक मां जैसी ममता दिख रही थी। उन्होंने कहा- बेटी घर में लक्ष्मी बनकर आती है।

**पद से बड़ा होता है मानवीय रिश्ता**-पाली-पनपथा में कार्यकर्ताओं के बीच एक परिवार की तरह घुल-मिल जाना और उचेहरा धाम में माँ ज्वालाधाम के सामने आम क्षेत्रवासियों के लिए सुख-समृद्धि की प्रार्थना करना यह दर्शाता है कि सांसद जी का दिल अपने क्षेत्र की जनता के लिए कितना धड़कता है। सांसद का मंगलवार का दौरा यह बताता है कि पद से बड़ा होता है मानवीय रिश्ता।

# निर्माणों में गुणवत्ता से समझौता नहीं : प्रतिमा बागरी

## प्रभारी मंत्री ने जानी योजनाओं की जमीनी हकीकत, सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा

**डिंडौरी, नवभारत 16 सितंबर।** राज्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी ने बुधवार को कलेक्टर सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने और प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा। जिला स्तरीय शुभारंभ नर्मदा डेम घाट पर 21 हजार दीप प्रज्ज्वलित कर किया जाएगा, जबकि जिले में 5 लाख दीप जलाए जाएंगे।




प्रभारी मंत्री ने राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना, एनएच-45, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, अमृत 2.0, आवास, जनविश्वास अभियान, जनजातीय कार्य एवं कृषि विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की। एनएच-45 निर्माण में डीपीआर के अनुरूप गुणवत्ता और आबादी क्षेत्रों में जलभराव रोकने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 'वॉश ऑन व्हील' अभियान का शुभारंभ किया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

▶ करकेली हाइवे पर देर शाम घटना

**नौरोजाबाद नवभारत 16 सितंबर।** करकेली हाइवे पर मंगलवार की देर शाम करीब 7 बजे बाईक सवार सड़क हादसे का शिकार हुआ है। इस हादसे के कुछ देर बाद बाइक सवार की मौत हो गई है। बताया जाता है कि हादसे के बाद सड़क पर भारी भीड़ थी,इसी दौरान हाइवे से अपनी लोकेशन पर जननी गुज़र रही थी,घटना को देख जननी चालक सूरज बर्मन ने गाड़ी को रोक लिया और अधिकारियों को जानकारी देने के बाद घायल को जननी में रखा,और तेजी से जिला अस्पताल पहुंचा,पर दुर्भाग्य से बाइक सवार को डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया।

**मृतक की शिनाख्त आधिकारिक रूप से नहीं हो सकी**

हादसे में करकेली से सटे ग्राम बुढ़ान-रामपुर निवासी रामसखा बैगा की सड़क हादसे में मौत हुई है। बता दें कि मृतक रामसखा बैगा शिक्षक रहे है, जो रहठा-कछारी में पदस्थ रहे है। हालांकि घटना अभी कुछ देर पहले की है, जिस वजह से मृतक की शिनाख्ती आधिकारिक रूप से नहीं हो सकी है। घटना किन कारणों से हुई है, फिलहाल साफ नहीं है।

# रिहायशी इलाके में पहुंचा हाथियों का झुंड

▶ करीब 3 एकड़ से ज्यादा में लगी फसल रौंदी

**नवभारत चिल्हारी 16 सितंबर।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अंतर्गत परासी महामन गांव में बीती रात करीब 30 हाथियों का झुंड घुस आया। इन हाथियों ने करीब तीन एकड़ से ज्यादा फसल को नुकसान पहुंचाया। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की टीम और ग्रामीणों ने मिलकर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा।

जंगली हाथियों का यह झुंड बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से आया था, जहां उन्होंने अब अपना स्थाई ठिकाना बना लिया है। गांव के पास खेतों में घुसकर हाथियों ने फसलों को रौंद दिया। सूचना मिलने पर टाइगर रिजर्व की टीम और ग्रामीण मौके पर पहुंचे।



### मिर्ची का धुआं किया और शोर मचाया

हाथियों को भगाने के लिए ग्रामीणों और टीम ने मिर्ची का धुआं किया और शोर मचाया। काफी मशक्कत के बाद हाथियों को जंगल की ओर भेजा जा सका। हाथियों ने बृजभूषण सिंह परासी और रामनरेश सिंह महामन के खेतों में लगी फसलों को बर्बाद किया।

# गणेश पंडालों में अश्लील गानों से नहीं हो आस्था आहत

▶ बजरंग दल ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**शहपुरा नवभारत 16 सितंबर।** गणेश उत्सव की धार्मिक गरिमा और मर्यादा बनाए रखने की मांग को लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी शहपुरा को आवेदन सौंपा। संगठन ने गणेश पंडालों में लाउडस्पीकर के माध्यम से अश्लील, अभद्र अथवा धार्मिक भावनाओं के विपरीत गीतों के प्रसारण पर रोक लगाने की मांग की है।

आवेदन में कहा गया कि गणेश उत्सव धार्मिक आस्था और श्रद्धा का पर्व है। ऐसे में पंडालों में भजन, धार्मिक गीत एवं मर्यादित संगीत को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि उत्सव की गरिमा और धार्मिक वातावरण बना रहे।



राष्ट्रीय बजरंग दल के ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल सहित पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी से पंडाल समितियों को आवश्यक निर्देश जारी करने तथा नियमों का पालन सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया। आवेदन सौंपने वालों में राहुल यादव, तुषार विश्वकर्मा, महेंद्र यादव, नेहाल साहू, ओम श्रीवास, निखिल अग्रवाल, साहिल झरिया, कान्हा गुप्ता, राजकिशोर यादव एवं राजेन्द्र यादव सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# घटिया निर्माण होने से पुलिया ढही, उपयंत्री निलंबित

## नियमों की अनदेखी और राशि में गोलमाल उजागर

**डिंडौरी, नवभारत 16 सितंबर।** जनपद पंचायत करंजिया अंतर्गत ग्राम पंचायत सैनगूढ़ा के ग्राम सरैहा में शिवनार नाले पर निर्मित पुलिया के क्षतिग्रस्त होने के मामले में जिला पंचायत द्वारा कार्रवाई करते हुए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उपयंत्री भवन प्रसाद भैना को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

उक्त पुलिया निर्माण कार्य में स्थल चयन, निर्माण गुणवत्ता तथा कार्य के मूल्यांकन एवं सत्यापन में निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मापदण्डों का पालन नहीं किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी।मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत करंजिया द्वारा 27 अगस्त 2026 को मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की गई। जांच में यह भी सामने आया कि उपयंत्री द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप स्थल चयन नहीं किया गया तथा पुलिया पूर्व में भी गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण क्षतिग्रस्त हुई थी, लेकिन पुन: क्षतिग्रस्त होने के कारण वर्तमान में आवागमन के लिए अनुपयोगी है।

प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 3 के प्रावधानों के तहत भवन प्रसाद भैना, उपयंत्री जनपद पंचायत करंजिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग डिंडौरी निर्धारित किया गया है।

जयंती — हर्षोल्लास से मनाई गई भगवान ऋषि कश्यप जयंती

# आस्था और उत्साह के साथ निकाली गई शोभायात्रा






**मानपुर नवभारत 16 सितंबर।** भगवान ऋषि कश्यप जी की जयंती के अवसर पर मानपुर में धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला। समाजजनों ने बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ भगवान ऋषि कश्यप का जन्मोत्सव मनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने सहभागिता की।

सुबह 10 बजे भगवान ऋषी कश्यप की विधी विधान से पूजा अर्चना की गई। पूजा के बाद रामायण कीर्तन भजन आदि का कार्यक्रम पूरे दिन चलता रहा सभी लोगो ने स्वल्पाहार किए शाम 5 बजे पुरानी बाजार से मेन मार्केट होते हुए बसस्टैंड तक शोभा यात्रा निकाली गई। बसस्टैंड से वापस बरसाना पैलेस में समापन किया गया।इस अवसर पर कसौधन समाज के अध्यक्ष विकाश गुप्ता, पत्रकार राजू गुप्ता, पत्रकार कुलदीप गुप्ता, ब्रजवासी गुप्ता, संतोष गुप्ता, प्रबीण गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, रामाधार गुप्ता, शिवा गुप्ता, शरद गुप्ता आदि समाजसेवियों को माला पहनाकर कश्यप ऋषि की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा 10वी एवं 12वी में अव्वल नम्बर लाने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया।

### गोबर्दे एवं मढ़उ में निकली शोभायात्रा

गोवर्दे एवं मढ़उ में शोभायात्रा निकालकर मनाई गई भगवान ऋषी कश्यप की जयंती पर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक मीना सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर भगवान ऋषि कश्यप की पूजा अर्चना की गई। ततपश्चात विद्यायक मीना सिंह का कसौधन समाज नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष द्वारा गुलदस्ता भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान ब्रजवासी गुप्ता, रामगरीब गुप्ता, राजू गुप्ता, ,बबलू गुप्ता का स्वागत किया गया। भगवान कश्यप की जयंती के अवसर पर गोवर्दे में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### समाज की सुख-समृद्धि की कामना की

जयंती के अवसर पर भगवान ऋषि कश्यप जी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर समाज की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। आयोजन स्थल पर पूरे दिन उत्साह और भक्तिमय वातावरण बना रहा।

# मॉय-भारत के जिला युवा अधिकारी बने अनघ त्रिवेदी

**डिंडौरी।** माय-भारत युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत डिंडौरी जिले में अनघ त्रिवेदी ने जिला युवा अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने पर मेरा युवा भारत की टीम एवं स्वयंसेवकों ने उनका स्वागत किया।

**बी. एस.सी. नर्सिंग का मूल रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र गुमा**

मैं विम्बलेश्वरी चौधरी (BIMBLESHWARI CHOUDHRI) पिता श्री लक्ष्मी प्रसाद चौधरी (LAXMI PRASAD CHOUDHRI) निवासी ग्राम धनवासी जिला डिण्डौरी (म.प्र.) सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरे द्वारा नंदवंदन कॉलेज ऑफ नर्सिंग शिक्षण सत्र 2015-2020 में बी.एस.सी नर्सिंग की परीक्षा उत्तीर्ण की हैं। यह कि मेरी उक्त बी.एस.सी नर्सिंग का मूल रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र कहीं पर गुम हो गया हैं, जो कि बहुत खोजने पर भी नहीं मिल रहा है, मेरे द्वारा उक्त दस्तावेजों का कोई भी दुरुपयोग नहीं किया गया है, जिस किसी को भी मिले

संपर्क करें - 9109442784